भगवत भक्ति दियो सुख पाई। याबिधि कहत भये समुझाई॥ ७६ सेवा साधु करौ घरजाई। एकवर्ष महँ सुनि सिवकाई॥ भक्तनसह आउब तवगेहा। पीपाघर आये सुनि एहा ८० बीते वर्षपत्र लिखराजा। आइय राखि बचनकी लाजा॥ रामानन्द चले सुख पाई। सँगकबीर रैदासलवाई ८१ चालिस शिष्यसंग लैगयऊ। पीपा लखि अतिआदर कयऊ॥ नगर निकट पहुँचे जब आई। पीपामिले अग्रसुनि धाई ८२ सहित समाज भवन निज लाई। सेवाकरत भये सुखपाई॥ रामानन्द कछू दिन माहीं। चाहे जान द्वारका काहीं ८३ पीपा बिकलभये अति भारी। तबरामानँद कहो बिचारी॥ रहिये इतचहिये सुखजोई। सँगचलिये भिक्षुक तनुहोई ८४ अंगीकार कियोसो राजा। साथ चलनहित कीन्हों साजा॥ बारहरानी तिनसँग लागी। फेरोनृप बुझाइ बड़भागी ८५ छोटी रानी फिरी न सोई। कहसहिहौं सँग दुख सुख जोई॥ कमली प्रहिरौं नग्नरहाऊं। पति बिहीन नाहिं पलक बिताऊं ८६ रामानन्द सौगंद दिवाई। तब ताको सँग चले लवाई॥ ब्राह्मण एक चलो सँग तवहीं। खायो गरलमना किय जबहीं ८७ त्यागत प्राणभयो दुखकैके। लिय जियाइ चरणामृत देके॥ ब्राह्मणबहुरिघूमि घरआयो। यह समाज द्वारका सिधायो ८८ पहुँचे सकल द्वारका जाई। दर्शन यात्रा किय सुख पाई॥ काशी कहँ रामानँद गयऊ। पीपारहत द्वारका भयऊ ८९ एकदिवस मनमें यह आई। कृष्णदरश करिये सुखदाई॥ बारिधि कूदिपरे यह भाखी। सीतासह भगवत उरराखी ९० देखी तहां द्वारका जाई। सुवरण रचित महासुखदाई॥ अद्भुत रचना लखि सुखपाये। कृष्ण दरश पुनि लहेसुहाये ९१ रहे सातदिन आनँद पाये। भगवत आज्ञा सो पुनि आये॥ दीन्हछाप भगवत तिनकाहीं। मुक्तिदानि ममसम जगमाहीं ९२ जोकोऊ यह छाप छपैहै। निश्चय मुक्ति पदारथ पैहै॥ लैपीपा सीतासह आये। लोग देखि मन अचरज लाये ९३

पीपाछाप पुजारिन दीन्हा। याविधि बचन कहन पुनि लीन्हा ॥
जिहि शरीर यह जाइ लगाई। होइ मुक्त जगजन्म न पाई ६४
यह प्रताप पीपा कर देखी। लागि भीड़ तहँ होन विशेखी ॥
तब पीपा तहँ सो चलि गयऊ। षष्ठमञ्जिल जब पहुँचत भयऊ
९५ लश्करमिलो पठाननकेरा। सुन्दरतन सीताकोहेरा ॥
पीपापाहँ छीनि उनलीन्हा। हरिसुमिरण सीतातब कीन्हा ९६
तुरतहि आइगये भगवाना। दुष्टनहति सीता कहँ आना ॥
पीपाकह सीतापहँ तबहूं। मन्दिर घूमिजाहु तुमअबहूं ९७ होत
उपद्रव तुम्हरे हेता। तबसीता कह न्याय समेता ॥ कबदुख
सहे आपु ममहेता। कवनकृपाकिय कृपानिकेता ९८ मम आ-
पहुको भई परीक्षा। तबहूंनाथ देत यह शिक्षा ॥ लखिनिश्चय
पीपा सुखपाये। मार्ग दोसरे बहुरि सिधाये ९९ तापथ मिलो
व्याघ्र इकआई। ताको चेलालियो बनाई ॥ भगवंतभक्ति ताहि
उपदेशा। अजहूं व्याघ्र जौन तिहिदेशा १०० गोब्राह्मण कहँ
मारत नाहीं। चलतभये आगे मगमाहीं ॥ पहुँचतभये ग्राम
इकजाई। तहां हाटदेखी सुखदाई १०१ लाठी बेंचत रह नर
कोई। मांगत एकभये तहँ सोई ॥ सोकह कानन काटहु जाई।
सुनि पीपा दिय सकल जमाई १०२ शाखा पत्र भये तिहि-
काला। हरित बेणु बनभयो रसाला ॥ लाठी एक काटि तहँ
लीन्हा। गमनभक्त चीधर घरकीन्हा १०३ चीधर लखिलह
आनँद भारी। पूजेपग सानँद सहनारी ॥ रहोअन्न नहिंभोजन
हेता। तियलहँगालै धर्मनिकेता १०४ बेंचिहाट सामग्री लाये।
प्रेम सहित भोजन बनवाये ॥ जब पीपा हरि भोगलगायो।
भक्तन भोजनहेत बुलायो १०५ चीधर भक्त प्रेमयुत आये।
तब तिनकी तियकाहँ बुलाये ॥ चीधर कह पाइय परसादा।
पीछेलेहै शीतप्रसादा १०६ पीपाकह सीताहि बुलाई। काह
हाल देखहु तुमजाई ॥ सीताजाइ लखी वहनारी। कोठी बैठी
नग्न बिचारी १०७ सीताकहो काहयहहाला। चीधर नारि

कहो तत्काला ॥ होनोबस्त्र न होनो जोई । सुख दुख परम अहै नहिं सोई १०८ भगवतरूप चिंतवन जोई । सेवा साधु परम सुखसोई ॥ सीता सकल हाल तबजाना । तिनकी भक्ति धन्य करिमाना १०६ आपनि भक्ति महालघुमानी । अर्द्ध बसन दीन्हों निजआनी ॥ ताहि पहिरि सो बाहर आई । एकसाथ भोजन चितलाई ११० सीता पीपा लखि सिवकाई । तिन मनमें बिचार यहआई ॥ देइँ विशेष द्रब्य इहिबारा । सीतापीपा गेबाजारा १११ सीता वेश्या जातिबताये । विषयी अमित तहां चलिआये ॥ देखिसकोपरको इनतामें । तेज अपार भक्ति हरि जामें ११२ कोउनकहो हँसीकी बातैं । ताकत करि नेत्रनकी घातैं ॥ कोऊ अन्नस्वर्ण लैदयऊ । देतरूपया कोऊ भयऊ ११३ याबिधि बहुत द्रब्य तहँ पाई। देत भये चीधरकहँलाई ॥ चीधर द्रब्य देखि वहलीन्हों। बांटि तुरित भक्तनकहँ दीन्हों ११४ जैसेरह तैसे रहिगयऊ। बिदाहोइ पीपां चलिगयऊ॥ ठोडा शहर पहूँचेजाई । गमज्जन पुष्कर इकदाई ११५ मुद्रास्वर्ण भरो घटदेखा । निशि सीतासो कहो विशेखा ॥ सुनिकै चोर गये तहँ धाई। घटमहँ चकी परो लखाई ११६ कहचोरन डारियतहँएहीं ।हमकोचहो दसावन जेही ॥ लीन्हों चोरन घड़ा उठाई। डारतभे पीपाढिग आई ११७ मुहर सातसौबीस सुहाई । पीपालीन्हीं सकल उठाई॥ तीनदिवसलगि आनँद भारा । साधुनकर कीन्हों भण्डारा ११८ सूरसेन तहँ भूप बिराजा। पीपाढिग आयो तजि लाजा ॥ चरणन परि यह विनय सुनाई । मोहिं आपनो लेहु बनाई ११९ पीपा कहो राज्यधन जेता । रानी कोशदेहु सब तेता ॥ भूपति कहो नाथ सब लीजै । मोको मंत्र कृपाकरि दीजै १२० यहकहि नृप रानी बुलवायो । राज्यादिक दै शीशनवायो ॥ तब पीपा दीन्हों उपदेशा । दियो फेरि रानीसहदेशा १२१ कहत भये पुनि भूपति पाहीं । परदा करिय भक्त सों नाहीं ॥ भक्तनकी सेवा नितकरियो । आज्ञासदा शीशपरधरियो १२२ भाई बंधु नृपति

केजेते। पीपासों मन क्रोधित तेते॥ वृषभखरीदनको बनजारा। फिरत एकनृप बंधु निहारा १२३ कहो बैल पीपापहँ नीके। लीजिय जाइ भावते जीके॥ सुनि बनजारा तहँ चलिआयो। वृषभलेन हित द्रव्यगनायो १२४ पीपा जानि हाल तिहिपाहीं। कह वृषचरनगये बनमाहीं॥ कछुकबेरमहँ आइय भाई। तबहिं वृषभहमदेब हँकाई १२५ यह सुनि जातभयो बनजारा। पीपा तासों किय भण्डारा॥ साधु सहस्रन भीर अपारा। ताक्षण आवत भो बनजारा १२६ बिनय कियो बैलन हित जबहीं। पीपा कहत भये इमि तबहीं॥ ठाढ़ वृषभ सहस्रनएई। चाहिय जौन लीजियेतेई १२७ बड़भागी बनजारा गायो। साधुन दरशपाइ सुखपायो॥ भगवत शरण भयो सुखपाई। साधुन कहँ दिय अम्बर लाई १२८ एकसमय पीपा सुदधारी। गये अश्वचढ़ि मज्जनबारी॥ दीन्ह तुरङ्ग छोंड़ि तटमाहीं। दुष्टन लियो चोरि तिहिठाहीं १२९ जब पीपा मज्जन करिभयऊ। चलिबेकीइच्छा मनकयऊ॥ ठाढ़ो भयो अग्रहय आई। भे सवार तापरसुखपाई १३० एकसमय पीपा कहुँ गयऊ। भक्तनको समाज तहँ भयऊ॥ साधू आइगये गृहमाहीं। भोजन की सामग्री नाहीं १३१ सीता तबहिं हाटमें आई। बणिक एकसों कहो बुझाई॥ हमहिं देहु भोजन की सामा। आवौंगीनिशिमें तवधामा १३२ सुनत बणिक दीन्हीं सबसामा। साधुन लाइ दीन्ह निजधामा॥ ताही क्षण पीपा चलिआये। सीता भक्ति देखि सुखपाये १३३ पीपासों सबहाल बतायो। निशा समय शृंगार बनायो॥ ताही समय मेघझरिलाई। पीपा लीन्हों पीठिचढ़ाई १३४ मन्दिर बणिक पहूँचे जाई। सीताबणिक समीप सिधाई॥ देखत बणिक ज्ञानभो हाला। सूखे पाद लखे तिहिकाला १३५ कह माता का बिधि चलिआई। स्वामी लाये पीठिचढ़ाई॥ ठाढ़ेअहैं द्वार पर जोई। सुनत धाइ पहुँचो तहँ सोई १३६ चरणन गिरिबिह्वल अति भयऊ। पीपा कहन बचन इमि लयऊ॥ लज्जाकरन

काज कछु नाहीं। भोगहु नारि भवननिजमाहीं १३७ सुनत लाग रोवन सो भारी। पीपा हिये दया विस्तारी॥ दीक्षा दीन्ह दुःखसब टारे। सीता सह पुनि भवन सिधारे १३८ यह वृत्तान्त नृपति सब जाना। सूरसेनहो बश अज्ञाना॥ बे बिश्वास भयो तिहि काला। पीपाने जानो यह हाला १३९ आइद्वार बोलायो जबहीं। पूजा करत कहो नृप तबहीं॥ कह पीपाहै मूरुख राजा। मिथ्या भाषतहै किहि काजा १४० जूतीहित गो भवन चमारा। कहत कि पूजा करत गवांरा॥ सुनत भूप आ-तुर उठिधायो। चरणन परि बहु बिनय सुनायो १४१ नृपति भवन बन्ध्याइकरानी। लावहु पीपा कहा बखानी॥ सुनत भूप मन्दिर निज गयऊ। तहँ इक ब्याघ्र बिलोकत भयऊ १४२ घूमे नृप कह भयो बहाना। पीछे ब्याघ्र लखत भे आना॥ पीपा की जानी सिद्धाई। मन्दिर माहँ गये नरराई १४३ रानी गोद बिलोको बाला। जन्मत भयो जौन तत्काला॥ नृप बिश्वास भयो उरभारी। गुरुपद परे नयन भरिबारी १४४ तब पीपा बालक तनजाई। नृपसों कहत भये समुझाई॥ अरे मूर्ख बिश्वास घटायो। चाहिय दिन दिन होत बढ़ायो १४५ गुरु बिश्वास जासुउर नाहीं। उभयलोक सुखतासु नशाहीं॥ दैशिक्षा बहुभांति बुझाये। पीपा बहुरि भवन निज आये १४६ विषयी एक तहां चलिआयो। ऊपरसाधू वेषबनायो॥ तमीभरे को सीतहि मांगा। पीपा दियो सहित अनुरागा १४७ सीता सँगलै भागतभयऊ। कलनहिं कतहुँ निशाभरि लयऊ॥ गयो दूरिभागतलै सोई। पीपासों जिहि भेंटनहोई १४८ चलीनिशा पति बचन बिचारी। बैठी सीता प्रात निहारी॥ ग्रामहि गयो यानहित सोई। सीतारूप लखीतिय जोई १४९ भयो ज्ञान फिरिकैसो आयो। सीता चरणन शीशनवायो॥ चेलाहोत भयो खिसिआई। सीता पुनि पीपा ढिग आई १५० वि-षयी चारि एक दिन आये। सुन्दर साधू वेष बनाये॥ पीपा

सों सीता कहँ मागा। पीपा दियो सहित अनुरागा १५१ सी-
ता बैठिकोठरी जाई। बिषयी जात भये हरषाई॥ व्याघ्री एक
बैठितहँ देखा। आये पीपा पास बिशेखा १५२ तुम कैसे साधू
छलकारी। मन्दिरमें बाघिनि बैठारी॥ कह पीपा बाघिनि है
नाहीं। वह सीता बैठी घरमाहीं १५३ जा बिधि है चित वृत्ति
तुम्हारी। ता बिधि सीता परत निहारी॥ शुद्ध भाव सो देखहु
जाई। तुम कहँ सीता परिहि लखाई १५४ सुनत बचन चारहु
चलि आये। सीता के शुभ दर्शन पाये॥ बैठेचरणन शीश न-
वाई। चेलाहोत भये शरमाई १५५ दो०। तेलिन बेंचत तेल
इक पुनि पुनि कहत पुकार। तेललेउ पीपा सुनत कहे बचन
श्रुतिसार १५६ रामनाम यामुख कहौ कैसी शोभाहोइ। क्रोध
सहित बोलत भई पीपा जी से सोय १५७ राम नाम तब कहत
हैं मरत भवन जब कोइ। बेंचि भवन जबहीं गई लखो मरोपति
सोइ १५८ रोवत पीपा पहँ गई परी चरण बिलखाइ। ज्यायो
वृद्ध सबालकन राम कहन सखराइ १५९ आई महिषी एककहुँ
साधुन सेवा हेत। चले चोर लै छोरि तिहि पीपा जागि निकेत
१६० बच्चा लै पीछे चले कहइमि बचन सुनाइ। या बिन देहे
दूधनहिं लिये जाइये भाइ १६१ सुनत चोर आधीन भे महिषी
ग घर राखि। जियालाल हरिजन चरित को कबिपावै भाखि१६२
लीन्हे आवत एकदिन शकट भरेसो अन्न। मुद्रारजत समेतलखि
तस्कर भयेप्रसन्न १६३ चौ०। लीन्हों तत्क्षण शकट हँकाई। तब
पीपा बोले सुख पाई॥ मुद्राहू लै जाइय भाई। लीजौ चीनी घृतहु
मँगाई १६४ सुनि बटपार शरण तिनआये। गाड़ी पीपा घर
पहुंचाये॥ रुपया एक महाजन केरा। साधुहेत भो करजघ-
नेरा १६५ कईबेर मांगत भो जोई। यह वह कहि टारत भे
सोई॥ एकसमय कीन्हीं कठिनाई। कहपीपा हम चहत न भाई
१६६ तब वहचलि हाकिम पहँ गयऊ। कागद सब हिसाबकर
दयऊ॥ अक्षर एक लिखानहिं देखा। हाकिमकीन्हों क्रोधबि-

शेखा १६७ दण्डदेन हित कियो उपाई। तब तिहि पीपा लियो बचाई॥ कागद फेरि सकल लिखिगयऊ। पीपा सब रुपया दै दयऊ १६८ ब्राह्मण एक गऊ बधकीन्हा। तिहि निकारि घर लोगनदीन्हा॥ सोपीपा शरणागत आयो। तिहि भगवत परसाद खवायो १६९ राममंत्र तिहिं दियो सुनाई। बिबिध भांति उपदेश बताई॥ तबहूं जानभवन नहिं पायो। तब पीपा सबको समुझायो १७० रामनाम माहात्म्य अपारा। ग्रंथन माहँ कहो बिस्तारा॥ एकहुबार राम कहजोई। कोटिन गोबध अघबध होई १७१ धोखे रामनाम मुखआवै। कोटिजन्म के पाप नशावै॥ यागोबध की केतिक बाता। नशै पाप कोटिन इहिगाता १७२ सुनि सब के मन निश्चयआई। वाको लेतभये अपनाई॥ एकादशी दिवस इकबारा। होत जागरण आनँद भारा १७३ पीपाहाथ मलो तिहिकाला। लोगन कहो काह यह हाला॥ कहद्वारावति देशरसाला। हरिचँदवा लगि आगिबिशाला १७४ ताको लगे बुझावन भाई। सुनि भूपति सांड़िनी पठाई॥ कहो पुजारिन सतिहै बाता। औरौ एकबातहै ताता १७५ एकादशि ब्रत काहँ सदाहीं। पीपा रहइत जाग्रण माहीं॥ धौवन कहो आइनृपपासां। सुनि भूपति आनन्द प्रकासा १७६ दो०। मिलन हेत श्रीरङ्ग के गे पीपा इकबार। माला पहिरावन चहत मानसि रंगाचार १७७ अटकत है सो मुकुट में कहपीपा सुखपाइ। काबिधि पूजाकरत हो सकनमाल पहिराइ १७८ यह सुनि उठिधावत भये मिलत भये लपिटाइ। कीन्हों आदर बिबिध बिधि शुभआसन बैठाइ १७९ अपरबहुत पीपाचरित अतिबिचित्र सुखसार। जियालाल लहपार किमि अति मतिमन्द गवांर १८० ॥

कथा प्रयागदास की ॥

चौ०। कथाप्रयाग दासकी एहा। बर्णन करौं चरण करि

नेहा॥ अग्रदास के शिष्य कहाये। भगवत भक्तन में धनि गाये १८१ रघुनन्दन चरणन रति आनत। हरिभक्तन भगवत समजानत॥ भगवत मन्दिर ग्राम कियारा। कलश हेत उत्साह अपारा १८२ भगवत मन्दिर अपर सुहावा। आदिव बलिया ग्राम कहावा॥ ध्वजा चढ़न उत्साह अपारा। तब इन निज मनमाहँ बिचारा १८३ दोनों जगह साधु हैं आये। द्वै स्वरूप निज तुरित बनाये॥ कलशध्वजा निजहाथ चढ़ाये। साधुन सहित महासुद पाये १८४ रासहोन लागो तिहिकाला। देखो भगवत रूपबिशाला॥ रूप माधुरी देखो जबहीं। बिह्वल होइ तजो तनु तबहीं १८५ दो०। जाइ परमपद प्राप्तभे जौन अचल सबकाल। सूर्यादिकनहिं देखिये है निजधामबिशाल १८६॥

भगवान्‌की कथा॥

चौ०। भगवतभक्त नामभगवाना। सोनेपतमें बासस्थाना॥ हरिसों बिमुख जहां सुनि पावैं। तहांजाइ हरिभक्त बनावैं १८७ पड़रीग्राम एक सुख पांती। योगिन की तहँ रहत जमाती॥ भगवतभक्त तिनहिं करि दीन्हा। निज सिद्धता प्रगट तेहँ कीन्हा १८८ करामात तिन लखन महाई। बादशाह दिय जहर खवाई॥ भगवत कृपा व्यथा नहिं दयऊ। बादशाह सुनि लज्जित भयऊ १८९॥

रामराय की कथा॥

चौ०। रामराय हरिभक्त सुजाना। साधू सेवा में हित माना॥ साधुसमाजरहे इकबारा। बैठरहें तहँ संत अपारा १९० पूरुष कोऊ चित्त मलीना। रामरायकी निन्दा कीना॥ भगवत सो यह सहा न गयऊ। यह आश्चर्य होत तहँ भयऊ १९१ जनु कोऊ करतल शिरमारा। तिहि उष्णीष तुरित महि पारा॥ सो तत्क्षण लज्जा अतिपाई। बाहरजातभयो खिसिआई १९२॥

श्रीरंग की कथा ॥

चौ०। जयपुर राज्यदेव साग्रामा। तहँ श्रीरंगभवन सुखधा-
मा ॥ रह सरावगीके सुत सोई। मरतभयो तिन सेवककोई १९३
सोयमदूत भयो तिहिकाला। नगरं माहँ आयो सो हाला ॥
टिको एक तहँ रह बनजारा। ताके प्राणलेन पगुधारा १९४
इनसों मिलो प्रीति पहिचानी। सकल कथा निज कही बखा-
नी ॥ सुनतरंगके इच्छा आई। देखन हेत गये तहँ धाई १९५
तब यमदूत तहां चलि आयो। वृषभ एकको पुनि भड़कायो ॥
बैठो तासु शृंगपर जाई। बनजारा कहँ लियो उठाई १९६ पेट
फारि तत्क्षण तिहि मारा। देखि रंग अतिही भयधारा ॥ तासों
पूंछत भये उपाई। या बिधि मरण बचै किमि भाई १९७ भग-
वत भक्ति बिना सुखकारी। पीड़ा होत यही विधि भारी ॥ भग-
वतभक्त जौन जगमाहीं। तिन समीप यमदूत न जाहीं १९८ या
बिधि सुनत दूतमुख बानी। भगवत भक्ति हिये निज आनी ॥
शिष्यानन्तानँद के भयऊ। धर्म सरावग निज तजि दयऊ
१९९ अल्पकाल महँ हरि पहिंचाना। जन्म मरण भय तजो
महाना ॥ एक प्रेत नित तिन घर आवै। रंगपुत्र को तौन
लखावै २०० दुर्बल होत जात नित सोई। जानो रंग हाल यह
जोई ॥ पौढ़ेतासु खाट इकदीना। आवत भो तहँप्रेत प्रवीना २०१
देखत ताहि लियो रपटाई। भगो प्रेत आतुर भय खाई ॥ कहत
भयो मैं अहौं सुनारा। यही ग्राम है भवन हमारा २०२ परतिय
गमनहुं चोरि झुठाई। कुत्सित कर्म प्रेत भे आई ॥ निज उद्धार
हेत नित आवत। और न कछु कारज मन लावत २०३ सुनि
श्रीरंग दया उर आई। हरि चरणामृत दीन्ह पियाई ॥ तासु
प्रभाव दिब्य तनु धारा। सद्गति प्राप्त भयो जग]पारा २०४ ॥

हठीनारायण की कथा ॥

चौ०। कथाहठीनारायण एहा। बरणौं धारि संतपद नेहा ॥

कृष्णदास के शिष्यकहाये। रहत देश पंजाब सुहाये २०५ परम भक्त भगवत के सोई। युत सन्तोष भजन कर जोई ॥ पीवत भांग सरुचि सबकाला। बादशाह जानो यहहाला २०६ दिय पिलाइ धत्तूर मिलाई। कछुनहिं भयो कृपा रघुराई ॥ मतको द्वेष धारि उरमाहीं। दीन्हों बिष पिलाइ तिनकाहीं २०७ भयो नकछु उरलज्जा पाई। चरणन परि अपराध छमाई ॥ है कछु बात द्वेष पर नाहीं। भंगत्याज्य सबकालन माहीं २०८ ॥

रैदास की कथा॥

चौ०। भगवतभक्त परम रैदासा। जासु बचन जगदीप प्रकासा ॥ जासु काव्यहै सूर्य समाना। अन्धकार नाशक उर नाना २०९ तजोअसार सारगहिलिन्हा। इहितन गमन परम पद कीन्हा ॥ बड़े बड़े बर्णाश्रमजेई। तिनपद शीशनवाये। तेई २१० ब्रह्मचारि प्रथमोद्भव जोई। रामानन्द शिष्य रहसो-ई॥ भिक्षा मांगिनित्य सोलावैं। गुरुआगे धरिशीशनवावैं २११ बरषा भई एकदिन भारी। ब्रह्मचारि मनमाहँ बिचारी ॥ गये एकबनियां घरकाहीं। नितप्रति कहतरहो इनपाहीं २१२ तासों लै समाग्री आये। भोजन रामानन्द बनाये ॥ जबभगवत कहँ अर्पण कीन्हा। भगवत रूप दरश नहिं दीन्हा २१३ पूँछो अन्न कहां सों लाये। तिन बनियांको भवन बताये ॥ रामानँद देखो करिध्याना। अन्नचमार भवन को जाना २१४ ब्रह्मचारि कहँ दीन्हों शापा। होउ चमार लहौ कुलतापा ॥ जन्म चमार भवन तिनलीन्हों। गुरुदीक्षा बिन दूध न पीन्हों २१५ तबआ-काशगिरा सुखदाई। रामानँद सों कहो बुझाई ॥ दण्ड ब्रह्म-चारिहि अति दीन्हों। जन्म चमार भवन तिनलीन्हों २१६ तिनपर दयाकरिय अबजाई। सुनि रामानँद गये सिधाई ॥ कीन्हों मंत्र श्रवण परकासा। धारेत भये नाम रैदासा २१७ आज्ञा दूध पियनकी दयऊ। जब रैदास सयाने भयऊ ॥ सेवा

साधुकरत सुख पाई । जो कुछ मिलत देतसो लाई २१८
देखिपिता क्रोधातुर भारी।तिनहिं भवन सौंदियो निकारी ॥ पी-
छे भवन रहेसो जाई। नारी सहित महासुखपाई २१६ छप्पर
एकलीन्ह तहँ डारी । तहँ भगवत मूरति बैठारी ॥ सेवाकरन
लागसुखपाई । आपुरहत बाहर तिहिजाई २२० तिन पितु
भवनरहो धनभारा । परनहिं दीन्हा रंचगवांरा ॥ जूतींबेंचिजी-
विकालावैं । साधुदेखि बिनगथ पहिनावैं २२१ यद्यपि दुखरं-
कताधिकाई । तदपि रहत भगवत मनलाई ॥ ध्यानानन्द मग्न
सुखभारी । भगवत यहरंकतानिहारी २२२ दूरिकरन बपुसाधु
बनाई । गेरैदास भवन सुखपाई॥ लखिरैदास कीन्ह अतिसेवा।
भोजन दिये जानिहरि देवा २२३ साधू जबहिं चलन वहला-
गा। पारसास्मादिय युतानुरागा ॥ गुणबर्णन करि तिनहिं सु-
नायो। राखनकी पुनि यत्न बतायो २२४ कहरैदास चाह कछु
नाहीं।रामनाम चाहत मनमाहीं॥रामनाम धन सम्पतिजानौं।
अपर सकल मिथ्या करिमानौं २२५ तबसाधू निजमन अनु-
माना। इन पारस प्रभाव नहिं जाना ॥ लोह छुवाइक सोन
बनायो। लेनहेत पुनिपुनि समुझायो २२६ कहरैदास जोपि
हठकीजै। तौ वा छप्परमें धरिदीजै ॥ सो सुनिकै साधू धरिदी-
न्हा। मासतेरहें आगम कीन्हा २२७ ताहीबिधि देखौ रैदासा।
कहँ वह पारस बचन प्रकासा ॥ कह रैदास धरोतुम जहँवां।
पारस धरो होइगो तहँवां २२८ भय आवत मम हाथ लगाये।
तासों मैं नहिं ठौरछुटाये॥ सुनि भगवत सोलेकरगयऊ। एक
दिवस अस अचरज भयऊ २२९ पूजाकेरि पिटारी देखा । मु-
हरै पांचधरी तहँ लेखा ॥ होनलाग भय भगवत पाहीं। लखए-
काहस्वप्नके माहीं २३० भगवत आइकही यह बाता । यद्यपि
हैतव लोभन गाता ॥ परअब देइँकछू हमजोई । लीजिय हर्ष
सहित तुम सोई २३१ आज्ञा शिरधरिमानत भयऊ। धर्मशाल
इक थिरचित कयऊ। भगवत भक्तन हेत सुहावा॥ पुनि भग-

वत मन्दिर बनवावा २३२ भांति भांति के साज सजाये । शुभ चन्दोये तहँ लगवाये ॥ झालर शुभ मुक्तन की सोहै । तोरण पुरट रचित मनमो है २३३ रत्नदीप सुन्दर उजियारी । दीपवृक्ष सोहत छबिभारी ॥ भगवत साज बिबिध बिधि कीन्हा । छबि अनूप मानस धरिलीन्हा २३४ निजहित महल एकबनवायो । तहां बैठि हरि ध्यानलगायो ॥ करत विप्र भगवत बपु पूजा । है रैदास काज नहिं दूजा २३५ बहुत विप्र मन गुनि अरिभावा । भूपति सो इमिजाइ सुनावा ॥ यह रैदास चमार नृपाला । पूजत भगवत मूर्त्तिकृपाला २३६ कोई शास्त्रमाहँ नहिं लेखा ॥ अस आश्चर्य कबहुँ नहिंदेखा ॥ याको दण्ड दीजिये राजा । नाधिकार श्रुति आवत लाजा २३७ सुनि राजा रैदास बुलायो । तेज देखि कछु बचन न आयो ॥ रानी नृपझाली जिहिनामा । भई शिष्य सुनि तेज ललामा २३८ रहत विप्र जे रानीपासा । देखत या बिधि बचन प्रकासा ॥ भई भ्रष्टधीरानी तेरी । जोतूहै चमारकी चेरी २३९ याबिधि क्रोधित बचन सुनाई । भूप समीप कहो पुनि जाई ॥ तबरानी रैदास बुलाये । ब्राह्मण बहुरि तहां सब आये २४० जाति बड़ाई बिप्रनराखा । तब रैदास बचन इमिभाखा ॥ भगवत काहँ भक्ति है प्यारी । है कुलजाति दृष्टि नहिं न्यारी २४१ कहत कहत ठहरी यह बाता । सोई है अति उत्तम गाता ॥ भगवत मूर्त्ति जासु ढिगआवै । जो सिंहासन शोभापावै २४२ पढ़न वेद सुनि ब्राह्मण लागे । दीर्घ काल लगि अति अनुरागे ॥ मंत्रजाप कीन्हों मनदेई । भगवत मूर्त्ति न आयेतेई २४३ जब रैदास बात चलिआई । तब ये बोले विनय सुनाई ॥ पावन पतित नाम सच करिये । और कछूमानस जनिधरिये २४४ पुनि दो एक भजन तिन गाये । सुनि भगवत मूरति चलि आये ॥ सिंहासन सों उठि तत्काला । गे रैदास गोद जन पाला २४५ सब के होत भयो बिश्वासा । भे आधीन सकल रैदासा ॥ रानी झाली आँनँद पाई । राज-

थानि चित्तौरम जाई २४६ यज्ञ करन की इच्छा कीन्हा। पत्र भेजि रैदासहि दीन्हा॥ संयुत विनय पत्र सो देखी। जात भये रैदास बिशेखी २४७ रानी देखि महा सुख पायो। कीन्ह दान बहु द्रव्य लुटायो॥ यह भल जिय ब्राह्मणन बिचारा। रानी कोहै गुरू चमारा २४८ सूख अन्न लाये सब जाई। कीन्ह रसोई आनँद पाई। भोजन हेत बैठि जिवनारा॥ द्वैके मधि लखि परो चमारा२४६ निश्चय भो सब के मन माहीं। चेला बहुत भये तिन पाहीं॥ दूरिकरन विप्रन सन्देहा। कियरैदास चरित शुभ एहा २५० खाल चीरिउपवीत दिखावा। पूर्व जन्मकी कथा सुनावा॥ करिइमिमोह दूर सबकेरा। लीन्हों भगवत लोक बसेरा २५१॥

गोपालभट्टकी कथा॥

चौ०। भे गोपाल भट्ट हरिभक्ता। भगवद्जनकीन्ह अहनक्ता॥ भक्ति प्रताप जासुतन छायो। भक्त सभानित शोभा पायो २५२ बागड़ देश भक्तकरि दीन्हा। दासभाव मानस निज चीन्हा॥ भगवत बिमुख जाहि लखिपावा। तत्क्षण नवधा भक्ति लगावा २५३॥

दिवाकरकी कथा॥

चौ०। भये दिवाकर आनँद मूला। करमचन्द घरदारक शूला॥ तिमिरहरण जगजनसम पूषण। भगवत भक्त सभाके भूषण २५४ फलित बृक्ष जाविधि लचिआवै। तासु फलनजग जन सुखपावै॥ कृपापात्र ताविधि ये भयऊ। कोटिन विमुख शरण करिदयऊ २५५॥

खेमगोसाईंकी कथा॥

चौ०। खेम गुसाईं आनँद छाये। राम दासके शिष्य कहाये॥ दास अनन्यभये रघुनाथा। धनुशर चिह्न धरे निजहाथा २५६ उभय लोकमहँ काहुन जानत। केवल रामशरण उर आनत॥ उभयलोक सुखको नहिं चाहा। केवल रामनाम अवगाहा२५७

कल्याणसिंहकी कथा ॥

चौ० । ये कल्याणसिंह हरि चेरा। शहर नोनिरेघर जिन केरा ॥ दानि शिरोमणि भगवत दासा। भगवत भक्ति हिये परकासा २५८ दो० । नहिं अदेय हरिभक्त हित प्राणहुदेय सहेत। रामनाम रसनारटत हियहरिध्यान सचेत २५९ ॥

राजाखेमालकी कथा ॥

चौ० । राजपूत खेमाल कहाये। परम भक्त राठौर सुहाये ॥ अचल भक्ति कीन्ही कुलमाहीं। रामभक्ति तजिजानत नाहीं २६० संतन देखि सुखी अति होवै। जिमि चकोर चन्दामुख जोवै ॥ बारिधि बढ़ै यथा बिधुदेखी। तिमि आनँदलखि भक्त विशेखी २६१ ॥

केशव की कथा ॥

चौ०। केशव जिन लटेर उपनामा। है लटेर दुर्बल कर नामा ॥ पर ये भक्ति भाव में मोटे। बिषय भोग सों दिन दिन छोटे २६२ मानस भगवत चरित उदारा। जिह्वा सों हरि नाम पुकारा ॥ बूड़त भगवत प्रेम सदाई। हरिपद सूरति टरन कदाई २६३ ॥

सोतीजी की कथा ॥

चौ० । सोतीजी हरिभक्त सुहाये। भक्त सभा में श्लाघ्य महाये ॥ बन्दनीय भक्तन के आगे। श्री अवधेश चरित अनुरागे २६४ रहत मगन भगवत के ध्याना। दास भाव भगवत में आना ॥ नरहर जीके शिष्य सुहाये। निजकुल प्रगट भक्ति रस छाये २६५ ॥

इतिश्रीभगवद्भक्ताऽनुगदायकजियालालजन्माग्रेणविरचिते चतुर्विंशतिनिष्ठामध्येअष्टदशदास्यनिष्ठायांषोड़शंभक्तकथावर्णनोनामभक्ताम्बुनिधौविंशस्तरङ्गः २० ॥

दो०। राम कमल पद रेख धनु करि दण्डवत सुखेन। हरि
अवतार प्रणाम करि धारो करि सुखदेन १ बिंशैकोन निष्ठायह
भक्त मीन सुखपाथ। वात्सल्य महिमा सुखद नवभक्तनकी
गाथ २ भजन। हे रघुनाथ शरणहौं तेरी। गज कहँ ग्राहगहो
जल भीतर आकुल प्रभु कहँ टेरी॥ आरत शब्द सुनत हरिधाये
कीन्हों नेक न देरी। गहिकर चक्र ग्राह शिर काटो कृपा दृष्टि
गज हेरी॥ जियालाल यह बिनय करत है तब कर प्रभु ह्री
मेरी ३ दो०। बात्सल्य महिमा सुखद यह भगवत आकर्षि।
प्राप्त करत जन मन बिषे प्रेमानँद को बर्षि ४ या निष्ठा अवलम्ब
सों प्राप्त अवशि हरि होत। कारण निश्चय प्रेम है सो यह करत
उदोत ५ बाल्यावस्था पुत्रकी देखि होत बश तात। बोल तोतरे
प्रेममय लाखि लीलायुत गात ६ बालक लीला देखि कै बशी
बटोही होत। क्यों न होइ यह ध्यान करिजामें अमित उदोत ७
कोमलाङ्ग तोतर बयन सुन्दर श्याम स्वरूप। शीश मुकुट
लघु शोभिजै रतिपति शोभ अनूप ८ जरतारी की झींगुली
गोटे पट्ठेदार। लघुकुण्डल रोचन तिलक भाल मध्य छबिकार ९
छन्दमनहरण। नाक में बुलाक सोहै कठुला गले मँझार ब्याघ्र
नख यंत्रहू पदिक छबि छाई है। पहुँची चरण अरबिन्द सोह
घूंघुरूहु चंचल चपल यशुमति सुखदाई है॥ कबहुँ यशोदा
गोद नन्द गोद जातकहूँ किलकि खिलौना देखि लेन चाह
लाई है। कबहुँ पखेरू देखि गहन चहत मन मातुहू बुलावै पच्छी
बोलत कन्हाई है १० कहन चहत तात मात कभी बात कछू तो-
तरे बचन कहि आनँद बढ़ावहीं। चलत ठुमुकि गहि मातु की
अँगुरियन मातहू चलावैं धीरे चालुको दृढ़ावहीं॥ खेलत अँ-
गन सह सखन नचत कहुँ करै लँगराई ताहि तुरित कढ़ावहीं।
जियालाल मोद सों सयाने सखा खेलैं साथ आपुबनैं अश्व कृष्ण
ऊपर चढ़ावहीं ११ दो०। यंह छबि मानस ध्यान करि भगवत
भजै संनेम। उभय लोक सुख त्यागि कै रहै मगन हरि प्रेम १२

यानिष्ठामें भक्तजे भये कहौं तिनगाथ। तिन चरणन की बन्दि रज पुनि पगनावों माथ १३ ॥

कौशल्याजी की कथा ॥

चौ०। प्रथमहि कौशल्या की गाथा। कहौं नवाइ रामपद माथा ॥ कहौं तासु किमि भाग्य बड़ाई। भगवत भये पुत्रजिन आई १४ एक समय कौशल्या रानी। पालन सुत सुलाइ सुख दानी ॥ कुल सुर के पूजन हितजाई। नानाबिधि पक्वान्न बनाई १५ ताही क्षण अर्पण मनलाई। नेत्र मूँदि तहँ ध्यान लगाई॥ नेत्रखोलि देखो पुनिआगे। भोजनकरत रामसुखपागे १६ संभ्रमचलि पालन ढिगआई। सोवत लखो रामसुखदाई ॥ बहुरि आइ देखो तहँ सोई। याबिधि लखो रामबपुदोई १७ कौशल्या मन करत बिचारा ॥ तब भगवत माया बिस्तारा ॥ रोम रोम ब्रह्माण्ड लखाये। सकल चराचर तहँ दरशाये १८ नानाभाँति लखे बहुदेवा। बहु बिधि प्रभुकी लावहिंसेवा ॥ ब्रह्मादिक जोरे करठाढ़े। अस्तुति करहिं प्रेमरसबाढ़े १९ माया सभय जोरि कर ठाढ़ी। जो जगजन्म नाश हितगाढ़ी॥ कौशल्या लखि बिभव अपारा। आरत चरण गहे तिहिबारा २० हँसि भगवत मातहि समुझाया। अबन तुमहिं ब्यापिहि मम माया ॥ यासों प्रगट भई यह बाता। हमहिं त्यागि सुर कौन लखाता २१ मेरेभक्तय-जनममठानै। मोहिं त्यागि सुर अपरन जानै॥ पतिब्रता जिमि पति पुंजानै। अपर सकल नारीवत्मानै २२ यहिविधिहैं चरित्र तिन नाना। जियालाल संक्षेप बखाना॥ भगवत मातु प्रबंधअ-पारा। कोकविवरणि लहै जोपारा २३ ॥

नन्दयशोदाजीकी कथा ॥

चौ०। बाबानन्द यशोदारानी। भाग्यसकैकबिकौन बखा-नी ॥ पुत्रहेत प्रथमहि तपकीन्हा। हरि शिशु चरित लखन चित दीन्हा २४ भये नन्द बसुके अवतारा। धरानारि यशुमति तनुधा-

रा ॥ भगवत पूर्णकरन तिनआशा । बालचरित ब्रजकीन्ह प्रकाशा २५ लखि नँदयशुमति बाल कन्हाई । बिबिधि भाँति के लाडलड़ाई ॥ जीवन प्राणजान हरिकाहीं । आपुहि जानत धन्य सदाहीं २६ बालचरित्र करत भगवाना । मातु पिता सुखलहैंनिदाना ॥ पुनि बहुचरित करत वहिभावै । जाबिधि मनसबको लगिजावै २७ नन्द यशोदा सो नहिं मानै । भोले कृष्णसदा यह जानै ॥ गोपिन घर माखन जबखावैं । ग्वालन दै बानरनलुटावैं २८ ऊंचे देखि उलूखल धारैं । तापर चढ़ि दधिपात्र उतारैं ॥ ताहू सों ऊंचेलखिपरई । मूल छिद्र लकुटीसों करई २९ कोनेमाहँ धरी दधिजानै । मणिगणके प्रकाश लखिआनै ॥ जाके भवन कछू नहिं पावैं । सोवत बालक मारिजगावैं ३० सुन्दर मन्दिर परैलखाई । बिष्ठामूत्रकैर तहँजाई ॥ चोरीदेखि इबिधि व्रजनारी । जाइ यशोमति पासपुकारी ३१ हरिदरशनकी मनअभिलषा । सकल हाल यशुमतिसों भाषा । यशुमति सुनत नेकनहिं माना । गोपिन सों याभाँति बखाना ३२ तुमतौहौ मदकी मतवारी । यौबन जोरनसकौ सँभारी ॥ मेरो कान्हबालहै अबहीं । घरको माखनखात न कबहीं ३३ घरघरसों बनिकै तुमआई । यह गतिजानै काहकन्हाई ॥ गोपिनकहो सत्यकहबाता । सांचहुहमहिं फिरत अँठिलाता ३४ यह कहि निज निज भवनसिधाई । यशुमति कृष्ण लियोउरलाई ॥ एक समय बन नन्दकुमारा । प्यारीसहनिशिकरत बिहारा ३५ निशाजानि घर आतुरआये । सोइरहे लखिकाहु न पाये ॥ पीताम्बर रह प्यारी पाहीं । नीलाम्बर लैगेघरकाहीं ३६ प्रातहि लखो यशोदा माता । मनमें जानिगई यह बाता ॥ हैबलभद्र केर पटएहा । नखक्षत पुनिदेखे तिनदेहा ३७ लगे प्लवग नख कानन माहीं । यशुमति रोइ कहै हरिपाहीं ॥ ऐसे बनहिं लालमति जैये । शाखामृगसों जहँ दुखपैये ३८ बिप्रन बोलि दान बहुदीन्हे । नौछावरि हरि ऊपरकीन्हे ॥ यदिबहुदासी दास निकेता । स्वकर जमावदही हरिहेता ३९ ठौर ठौर माखनधरि

राखे । कबहुँ स्याम देखि यह चाखै ॥ पण्डित साधु कोउ चलिआवै । तासों मंत्र यंत्रबनवावै ४० इत उत घूमत लला हमारे । घरि कूघरी अवारसवारे ॥ दृष्टिमुष्टि लागै नहिंताके । इमि नितनई प्रीति यशुदाके ४१ याबिधि यशुमति चरित अपारा । को कबि बरणिलहै जोपारा ॥ निष्ठा बात्सल्य महँ जाना । जियालाल संक्षेप बखाना ४२ ॥

बिट्ठलनाथकीकथा ॥

चौ० । बिट्ठलनाथ गुसाईं जोई । सुत बल्लभाचार्य्यके सोई ॥ बात्सल्य निष्ठा सुदृढ़री । पूरण प्रीतिभई जिनकेरी ४३ उठि प्रातहि भगवतहि जगावैं । मुख धुलाइ अस्नानकरावैं ॥ आभूषण पोशाक समेता । पुनि शृङ्गार कराव सहेता ४४ षटरस व्यंजन भोगलगावैं । सुभग सेज भगवत पौढ़ावैं ॥ कीर्त्तनकरैं बिबिध हरिकेरे । सदाचित्तरह भगवतनेरे ४५ नन्द समय गोकुलमें जैसो । इनसमाज करिदीन्हेंतैसो ॥ निजसेवकन हिये प्रगटायो । कलियुगमें द्वापर जनुआयो ४६ साक्षात दर्शनसम इनहीं । यद्यपि होतरहैंप्रतिदिनहीं ॥ भइतथापि इच्छाइकबारा । बालचरित देखिय सुखसारा ४७ दो० । पूर्णमनोरथ करनहित कहतभये भगवान । रूपावेश लखावहीं बालचरित सुखदान ४८ चौ० । बड़ोपुत्र गिरिधर जब भयऊ । प्रविशिकला बपु भगवत गयऊ ॥ बालचरित्र तिनहिं दरशाये । बिट्ठलनाथ महानँद पाये ४९ हाय न पाँच उपर जब भयऊ । भगवत कला अलग तबगयऊ ॥ याबिधि सातपुत्रतनमाहीं । बालचरितहितगेहरि ताहीं ५० एकसमय मर्कट इक आयो । भगवत देखि महा भय पायो ॥ धाइ गोद बिट्ठल महँ गयऊ । बिट्ठल देखि कहत इमि भयऊ ५१ दो० । कोटिन मर्कट काल सम चढ़े लंक सँगधाइ । तब न डरे अब भय करत लघु बनचर को पाइ ५२ चौ० । कारण कहिये कौन बुझाई । सुनि भगवत बोले सुख पाई ॥ या

बिधि जो चित वृत्ति तुम्हारी। मम ईश्वरता ओर निहारी ५३
बाल उपासन तौ किमि कीजै। मम ईश्वरताही चित दीजै॥
बाल चरित्र हिये यदि धरिये। तौ चिंतवन प्रभुत्व न करिये ५४
मम चरित्र अरु रूप सुहाये। कीन्ह कृपा तिहि हिये लखाये॥
भक्त चाह अनुकूल सदाई। नाहिंत हम कतहूँ न कदाइ ५५
रहत सदा इन बातन न्यारे। माया गुणन सदाहैं पारे॥ निर्गु-
ण निराकार अज जोई। अव्यय अलख अगोचर सोई ५६ बि-
ट्ठल नाथ कृपा गुनि भारी। अति आनँद पायो तिहि बारी॥
सातौं पुत्रन नाम सुहाये। बलभाचार्य्य संप्रदा गाये ५७ सवा
बेश अवतार सुहाये। गादी सात माहँ छबि छाये॥ आजहुँ
गोकुल में छबि पावैं। जग बारिधि में पोत सुहावैं ५८ बिट्ठल-
नाथ बल्लभाचारी। सात पुत्र बिट्ठल सुखकारी॥ भगवत
मूर्ति सात पधराई। एक मूर्ति तिन में सुखदाई ५९ जिन
श्री नाथ नाम छबि छायो। राना आइ बिनय बहु गायो॥
आलमगीर मलिक तिहिकाला। राना देश गये सुखपाला ६०
उदय पूरके उत्तर ओरा। अजहुँ बिराजत नन्दकिशोरा॥ गो-
कुल चन्द्रमाहु पुनि नामा। मूरति दोसरि सुखद ललामा ६१
आलमगीर शाह रह जबहीं। जयपुर भूप गयो लै तबहीं॥
जयपुर माहँ अजहुँ सो राजत। दर्शन करत अखिल अघ
भाजत ६२॥

कर्म्माबाई की कथा॥

चौ०। कर्म्माबाई हरिरंग छाई। परमभक्त भगवतकी गाई॥
बालरूप भगवतकर ध्याना। बालचरित्र सदाकर गाना ६३
जिमि प्रातहिं बालक उठि कोई। मासों भोजन मांगत सोई॥
प्रथमहिं बालक जागन तेरे। चिंताहोत हियेमाकेरे ६४ तिमि
कर्म्माबाई उठि प्राता। करैं खीचरी होत प्रभाता॥ बिनाहाथ
मुख धोये पावैं। भगवत बाल भुखाइ न जावैं ६५ देखि प्रीति

भगवत नित आवैं। जगन्नाथजी आनँद पावैं॥ बैठिगोदनित भोजन करईं। कर्माबाइ हिये मुदभरईं ६६ साधू एक एकदिन आयो। सो तिनसों आचार बतायो॥ कहाकरत तूबिना अन्हाये। भगवतको इमि भोगलगाये ६७ लगींकरन सुनिके विधि सोई। भोजन माहँ देर अब होई॥ कम्मीबाइ गोद इकबारा। खिचरी खात रहे सुखसारा ६८ की पुरुषोत्तमपुरी मँझारा। राज भोगहू भयो तयारा॥ बिन मुख हाथधोइ क्षणगयऊ। पण्डा तबहिं बिलोकत भयऊ ६९ मुख में लगी खीचड़ी देखा। पण्डा चक्रित भयेबिशेखा॥ पूछतभये बिनयकरि जबहीं। भगवत कहत भये इमि तबहीं ७० कम्मीबाई सुकृतगाता। करत खीचरी रही प्रभाता॥ प्रेम सहित वेभोग लगावैं। तिनके भवन नित्य हमजावैं ७१ एकदिवस साधू इकआई। तिनहिं गयो आचार बताई॥ तबते नित्य देरह्वैजाई। वासाधूसों कहौ बुझाई ७२ करि उपदेश प्रथमकोदेई। सुनि पण्डा ढूंढ़तभेतेई॥ सुनि साधू तिनके घरआयो। भगवत शिक्षाको बतलायो ७३ सुनि कम्मीबाई सुखपावा। जामन रहै प्रथम पछितावा॥ कीमम बालकहै अतिबारा। भूखसहै सो किमि सुकुमारा ७४ करत सदा लघुभोजनजोई। भूखो रहत देरलगसोई॥ शिक्षापाइ मोदसोपागी। खिचड़ी प्रातबनावनलागी ७५ अजहूँ सबभोगनके आगे। खिचड़ी भोग प्रातको लागै॥ जगन्नाथजी आनँद लावैं। जियालाल प्रेमातुरपावैं ७६॥

गोकुलनाथकी कथा॥

चौ०। हरिजन गोकुलनाथ सुहाये। बिट्ठलनाथपुत्रसुखछाये॥ पौत्र बल्लभाचारय केरे। परमभक्त भगवत के चेरे ७७ सुन्दर धीर सहिष्णु उदारा। गिरिधर राय भक्तिं दृढ़धारा॥ भक्ति प्रताप बिलोकि महाई। बड़बड़ भूप आवशरणाई ७८ कान्हा श्वपच रहो इकजोई। झारन भवन जात नितसोई॥ भगवत

रूप अनूपम देख। रहैं प्रेमरस मग्न बिशेखै ७६ श्रीगुसाइँ चित इकदिन आई। दृष्टि सबन परिबो न भलाई॥ भित्यावरण एकबनवाई। परत न भगवत दूरलखाई ८० तबकान्हा दरशन नहिं पायो। यहभगवतके मनहिं न भायो॥ कान्हापाहँ स्वप्न में गयऊ। याबिधि बचन कहन पुनि लयऊ ८१ करियो बिनय जाइ तुम एहा। गोकुलनाथ पाहँ नतदेहा॥ नई भित्ति देवैं गिरवाई। दूरलखन मम बाधादाई ८२ तब कान्हा मनमाहँ बिचारा। मैं उत जैहौं कौनप्रकारा॥ द्वारपाल यह देखि ढिठाई। पीटहिंगे मोकाहँ बनाई ८३ छन्द रामगीतिका। लालजी महराज मोसन कहतहैं बिनकाज। समुझि यह चुपरहत भो सो मनहिं आई लाज॥ तीनिदिन भगवान याबिधि करी आज्ञा जाइ। शीशधरिकै द्वारपालन कहो कान्हा आइ ८४ चौ०। गोसाईं सो कहो न कोई। कोई मनुज हालकंह सोई॥ सोई सुनिकान्हाहि बुलाई। हरिजन गोकुलनाथ गुसांई ८५ पूंछत भे तासों पुनि हाला। काआज्ञा दिय गिरिधर लाला॥ सुनि कान्हा सबहाल बतायो। गोकुलनाथ हिये तिहि लायो ८६ इंगित प्रथमहि परी लखाई। भये मग्न प्रेमाम्बुधि पाई॥ बेसुधि होत भये तिहि बारा। जनु मदमत्त कोउ मतवारा ८७॥

गुंजामाली की कथा॥

चौ०। हरिजन गुंजामाली एका। बातसल्यनिष्ठा दृढ़टेका॥ गुंजमाल प्रतिदिवस बनावै। श्रीब्रज भूषणको पहिनावै ८८ मृत्यु बिवशभो सुत तिनकेरा। बहूबुलाइ कहो तिहिबेरा॥ धन सम्पति घरबार तुम्हारा। मालिक श्रीगोपाल उदारा ८९ जो मनभावै सोलैलीजै। भगवत सेवामें मनदीजै॥ सोकह मोहिं चाहकछु नाहीं। भगवतसेवा रतिमनमाहीं ९० गुंजामाली आनँदपाई। भगवतसेवा तिहिंसौंपाई॥ धन सम्पतिदै दाराकाहीं। आवतभो वृन्दाबन माहीं ९१ श्रीब्रजवल्लभपद अनुरागे। सु-

मिरण भजन करन तहँलागे ॥ सेवाकरन बहू उतलागी। बिफ लक्षणन होवैमुदपागी ९२ बालक बहुत तहां नितआवैं। नाना बिधिके खेलमचावैं॥ दिनइक बाल ढिठाई कीन्हा। धूलिडारि भगवतपर दीन्हा ९३ देखि बहू अतिशय रिस कीन्हा। बालक सकल खेदि तहँ दीन्हा॥ आगे धरा भोग लै जबहीं। भोजन कियो न भगवत तबहीं ९४ अनमन होइ कहन इमि लीन्हों। सखाहमार खेदितैंदीन्हों॥ तेरो भोजनहू नहिं करिहैं। सखन बिनाकिमि धीरज धरिहैं ९५ बहुत मनायो कियोदुलारा। भगवत कियो न अङ्गीकारा॥ सरुट बहू याभांति पुकारा। बिगरैगो कालल्लाहमारा ९६ तुमरीही पोशाक बिगारी। कही मानलो आजहमारी॥ कालिदेउँगी धूलि भुकाई। जैतीकहिहौ श्रीब्रजराई ९७ एकहु मनमें बात न आई। बहू बोलि बालन तबलाई॥ भोजन करत भये भगवाना। जियालालप्रभु कृपानिधाना ९८ ॥

गिरिधरकी कथा॥

चौ०। गिरिधर परम भक्त भगवाना। बिट्ठलनाथ पुत्र सुखदाना॥ पौत्रबल्लभाचारय जोई। सुरतरु अधिक होतभे सोई ९९ केवल अर्थ कल्पतरु देवै। कोउकामना करिजब सेवै॥ गिरिधर महाराज सुखमानी। अर्थादिक चारिहु के दानी १०० बिनाचाहना देवैंहीके। वेदसारजानो अति नीके॥ जहँबैठैं हरिचरित प्रकाशैं। दरशन करत अखिल अघनाशैं १०१॥

तिपुरदासकी कथा॥

चौ०। तिपुरदास कायस्थ बखाने। बात्सल्यनिष्ठा रससाने॥ रहै शेरगढ़ बासस्थाना। भगवत भक्तात्यन्त सुजाना १०२ शीतकाल प्रति सम्बत माहीं। जिनके यो विधि प्रीति सदाहीं॥ महाराज श्रीनाथ कि हेता। जरदोंजी पोशाक सुदेता १०३ अथवा और भांति बनवावैं। आनँद सहित तहां पठवावैं॥

बश संयोग नृपति धनजोई । लीन्हों करि निरोध सबसोई १०४
पासरहोइनकेकछुनाहीं । लागेशोचकरन मनमाहीं ॥ कछूउपाय
न चलतहमारा । वह जड़ातह्वैहै सुकुमारा १०५ रोवनलगेमहा
दुख पागे । बहुरि जाइघर ढूंढ़नलागे ॥ एकपात्रमसिको लखि
पाया। मुद्रा एकबेंचि सो लाये१०६मोटा थान एक पुनि लीन्हा ।
ताहि कुसुम सों रंजित कीन्हा ॥ भेजन को मन माहँ बिचारी ।
पुनि पुनि देखत ताहि निहारी १०७परम मनोहर अति सुकुमारा।
ताहित भेजौं कौन प्रकारा ॥ हाय न यह है भेजनयोगू । पुनि
पुनि करत भये उर शोगू १०८ कोई भक्त जान ब्रज लागा ।
ताको दीन्हों युत अनुरागा ॥ ह्वै आधीन बिनय बहु कीन्हा ।
तासों बहुरि कहन इमि लीन्हा १०९ गोसाईं जानैं नहिंबाता ।
दासी दासिन योगन ताता ॥ दीजै कहुँ भण्डार मडारी । सो
लै दीन्ह जाइ भण्डारी ११० तिरस्कार युत सो लै लीन्हा । बस्त्र-
न तरे डारितिहि दीन्हा ॥ जब ओढ़ायो श्री गोसांई । श्रीनाथ-
हिलै सुभगरजाई १११ जो तोशखाने सों आई । श्रीनाथ-
हि अति शीत सताई ॥ श्री गोसाईं कांपत देखा । लै लिहाफ़
ओढ़ाव बिशेखा ११२ जाड़ा नेक गयो नहिं जबहीं । अपर
बसन ओढ़ाये तबहीं ॥ बहु रूमाल रजाई नाना । कांपत रहे
तबहुँ भगवाना ११३ आगि जलाइ अँगेठी धारा । कीन्हबहुरि
तिन बन्द किवारा ॥ जाड़ा नेक दूरि नहिं भयऊ । तबहिं बोलि
भण्डारिहि लयऊ ११४ कह काकी है प्रीति महाई । भेजो को
को भक्त रजाई ॥ तब भण्डारी लै सब आयो । जो नृप साहूकार
पठायो ११५ तब गोसाइँ उढ़ावत भयऊ । किंचिच्छीत दूरि
नहिं भयऊ ॥ भण्डारि हि सुमिरण ह्वैआयो । गोसाईंसों बरणि
सुनायो ११६ तिपुर दास दारिद्री भयऊ । भेजन मोट थान इक
लयऊ ॥ बांधन हरि पोशाकन हेता । धरो अहै भण्डार निके-
ता ११७ सुनि गोसाईं तुरित मँगायो । चुनि सो भगवत काहँ
उढ़ायों ॥ तत्त्वण शीत दूरिसो भयऊ । भक्त मान राखन प्रभु

लयऊ ११८ जियालाल ऐसे भयवाना। तिनहिं भूलि सुखचह अज्ञाना ॥ प्रेम सहित जल पत्र चढ़ाये। मानत मणि सुवरणके भाये ११९ तण्डुल विप्र सप्रेम चबाये। शवरीके जूठ फल खाये ॥ ग्वालन जूठि छाक जिन खावा। माखन ब्रजघरनीन चुरावा १२० ॥

कृष्णदासकी कथा ॥

चौ०। कृष्णदास हरिभक्त सुहाये। वात्सल्य निष्ठा सुख छाये॥शिष्यवल्लभाचारय जोई। भगवत काहँ परम प्रिय सोई १२१ भगवत कीन्हीं कृपा महाई।नित्यानन्दम लीन्ह मिलाई॥ काव्य ललित जिनकी सुखदाई। पण्डित भक्तन के मनभाई १२२ एक समय दिल्ली में आये। हरिशृङ्गार खरीदन लाये ॥ लखी जलेबी बीच बजारा।मनमें याबिधि कीन्ह बिचारा १२३ भेजी जाहँ नाथ जीहेता। खाइँकूदि भल मांझनिकेता॥ देहिंबुलाइ मर्कटन काहीं। होहिं प्रसन्न बहुत मनमाहीं १२४ प्रेमातुर सब सखन बुलावैं। आपुखाइँ पुनिसबन खवावैं॥ करिचिंतवन ध्यान इमि आयो। भगवत मानसि भोगलगायो १२५ भगवत कीन्हों अङ्गीकारा। कृष्णदासगे आगे थारा ॥ कृष्णदास मन आनँद माना। थारा तजि आये दूकाना १२६ कृष्णदास बाँटो सबकाहीं। जातभये आगेचलि ताहीं॥ सखी एकको नाचत देखा। मनमें आनँदलहो बिशेखा १२७ याकोनाच नाथजी देखें। तौ कस आनँद लहैं बिशेखैं॥ निकटबुलाइ कहो तिहिबारी। नाथहमार रसिकहै भारी १२८ यह कहिकै ताको लैआये। मज्जन मानसि गंगकराये॥ पुनिताकहँ शृंगारकराई। भगवंते सन्मुखगये लवाई १२९ सखी देखि श्रीनाथस्वरूपा। प्रेममगन सोभई अनूपा ॥ कृष्णदास तबकहो बिशेखा। मम साहेबजादे को देखा १३० सो देखा याभाँति बखाना। मम मननैनन मांझ समाना ॥ यह कहि नृत्यकरनसो लागी। नानाभाँति प्रेमरसपागी १३१ मुख

बिलास अरुनैन बिलासा । कीन्हे निजबश रमानिवासा ॥ तदाकारहो मनअनुरागी। दीन्हों तुरितदेहसोत्यागी १३२ नित्य बिहारम जाइ समानी । कोसक हरिजन कृपाखानी॥ कृष्णदास जी आनँदराशी। ग्रंथ प्रेमरस रामप्रकाशी १३३ कीन्हों भगवत अंगीकारा। संतसभा महँ भयो प्रचारा॥ सूरदास मिलिबे हित आये। कृष्णदास सो बचन सुनाये १३४ ऐसोपद निजरचित सुनैये। जहँ ममपदको भावनपैये ॥ कृष्णदास पद कछुक सुनाये। सूरभाव आपन ठहराये १३५ कृष्णदास सुनिकहोबुझाई। प्रातहिदेहै तुमहिं सुनाई॥ सोवतभे चिंता चितधारी। पदबनाइ धरिदीन्ह मुरारी १३६ प्रातहि उठि तकियातर देखा। आनँद पावतभये बिशेखा॥ सूरदास कहँ दियोसुनाई। सुनिकै सूरकहो मुसुकाई १३७ यह बिरचो कौतुक तबहेरी। बात न जाइबखामकेरी॥ कहिदोनों सुधि बुद्धि बिसारी। सागर प्रेमकीन्हपैसारी १३८ कृष्णदास नित यमुनाबारी। लैआवैं भगवत हितकारी॥ हैनवकोस भूमिवह जोई। भगवत मना करतभे सोई १३९ नहिं माने भगवत समुझाये। कलश चिह्न निज शीशलखाये॥ तब लाचारभये हरिआगे। कूप तोय नित लावनलागे १४० याबिधि तिन बहुचरित सुहाये। जियालाल संक्षेपहिगाये॥ हरिजन चरित सुखद सबकाला। सुमिरत हरिआवत उरहाला १४१॥

इतिश्रीभगवद्भक्तानुरागदायकजियालालजन्माग्रेणविरचिते चतुर्विंशतिनिष्ठामध्येएकोनविंशवात्सल्यनिष्ठायांनवभक्तकथावर्णनोनामभक्ताम्बुनिधावेकविंशस्तरङ्गः २१॥

दो०। यह महिमा सौहार्दहै निष्ठबीसवींजौन। जामें रस भक्तन कथा कहौं बरणिकै तौन १ अष्टकोण पुनिरेखको राम चरण की नौमि। पुनिं प्रणाम बहुबिधि करौं जो कल्कीहैसौमि २ छन्दरागीतिका। अन्तकलियुग देश सम्हल धरहिंगेबपु जोइ। नाम कलियुग पाप पुंज प्रहार करिहैं सोइ॥ करहिं

थापित धर्म सतयुग वर्ण निजपथहोइ । अश्वदूरग बैठिजिन कर दुष्ट बाचन कोइ ३ चौ०। हैंजे जग सम्बन्ध सुहाये । नव प्रकारके बुधजन गाये ॥ शेषी शेष एकहै सोई । अंशी अंश जानिये दोई ४ देही देह तृतीय कहावै । पतिपत्नी चतुर्थ छबि पावै ॥ पूजक पूज्य सुपंचम कहिये । षष्ठसेव्य सेवक मुद लहिये ५ सप्तम रक्षक रक्ष्य बखानो । जनक जन्य अष्टम उर आनो ॥ गुरू शिष्यहै नवम सुहावा । प्राप्तहोत ईश्वर परभावा ६ येजो नवसम्बन्ध गनाये । भगवत परे न एकौ गाये ॥ ईश्वर सों सम्बन्ध पुराना । जबसों जग यह जीवबखाना ७ ताते सब परईश बखानो । सब सबन्ध ताहि पर आनो ॥ नाते सकलतुच्छहैं तेते । सत्यनात भगवंत पर जेते ८ एसम्बन्ध एकतनगाये । जीवईश तनमान न पाये ॥ ताते नात ईश सतिमानै । अपर सकल मिथ्या करिजानै ६ दीन्हों पतिन त्यागि ब्रजनारी । मीरातजो न दोष बिचारी ॥ दीन्ह त्यागि प्रह्लाद पिताहीं । भोजग सुयश पाप लहनाहीं १० बलिगुरु त्यागि दियो क्षण माहीं । भगवत हेत लगो अघनाहीं ॥ भगवतही सों नातो मानै । दृढ़ विश्वास हिये निजठानै ११ जेते जग सम्बन्धकहावैं। तामें एकनात ठहरावैं ॥ ताके सदृश भाव उरआनै । ईशभाव को तहां न मानै १२ भगवत केर बचन सुखपांती । बिदित पुराणन में बहुभांती॥ की ममभजै जौन विधिजोई। तादृक फल पावतहै सोई १३ यह लघुबासर कथा प्रकाशी । राम प्रसाद जनक पुरबासी ॥ गुणयामात रामकहँ जोई । आवतभये अवधपुर सोई १४ अवध भूमि तोयादिक त्यागा । आवदरशहित सहानुरागा ॥ रघुनन्दन मन्दिर जब आये । भक्ति प्रताप राम दरशाये १५ तत्क्षण रत्न सिंहासन त्यागी । आगे मिले चित्त अनुरागी ॥ चाहिय रीति जनक हित जोई । रघुनन्दन सूरति किय सोई १६ है यह बात प्रगटसुदगेहा । याके कहन प्रयोजन एहा ॥ दृढ़ निश्चय होवै मनमाहीं । सिद्धप्रयोजन संशय

नाहीं १७ यानिष्ठा जे भक्त कहाये। बरणों तिनके नाम सुहाये॥ तिनमें प्रथम जनक की गाथा। कहौंनाइ रघुबरपद माथा १८॥

राजा जनक की कथा॥

चौ०। महिमा जनक महासुखदाई। को बरणै तिन भाग्य बड़ाई॥ जिनघर जगत जननि श्रुति सारा। मंगल मूललीन्ह अवतारा १९ छन्द दण्डक। बिश्वामित्र साथ रघुनाथ जबजातभये जनकसमाज धनुयाग सुनिभारीहै। देखत स्वरूप सुखधाम छबि कामहर जनक बिरति योग सुरति बिसारीहै॥ नृपन समाज मांझ परण सुमिरि निजरामहिं निरखि सुधि बुधि तजि डारी है। कोमल बदन बाल सुखमा सदन काल काल को धनुषयह कौन भांति टारी है २० छन्द षट्पद। देखि जनकमन शोच रामधनु तुरित बिभंज्यो। देश देश के भूपकरी मद हरिहरि गंज्यो॥ सीयलिये जयमाल आइ ग्रीवा पहिरायो। जनकानँद तिहिकाल मिष्ट गूंगा जिमिखायो॥ कह जियालाल तिहि काल सुख सुरनर मुनि जेतो लहो। नहिं शेष शारदा कहिसकैं जाइन पुरबासिन कहो २१ दो०। सुमन वृष्टि देवनकरी बन्दी सुयश उचार। विप्रवेद धुनिराम सिय पुंट मण्डफ पगुधार २२ ग्रंथिजोरि भावँरि फिरत सुरनर लखत सनेह। मणि खंभन प्रतिबिम्ब लखि भये विदेह विदेह २३ सियाराम जोरी निरखि बाढ़ो नेह अपार। आनंदाम्बुधि डूबियो लहोन वारा पार २४ रामबसे तहँ बहुत दिन दशरथ सहित समाज। लहि आयसु कीन्हों बिदा जनकराज महराज २५ जनकराज बैठाइयो सीता राम समेत। एकहि पालकि के बिषे पुनिपुनि लखतसहेत २६ प्रेम जलधि बूड़े बहुरि सीताराम पठाइ। जियालाल किमि कहि सकैं कविगति बुद्धि शकाइ २७॥

कथा वृषभानु व कीर्ति जीकी॥

दो०। महाराज वृषभानुकी कीर्ति कीर्ति महरानि। म-